भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 02.11.2022

आरेडिका का प्रतिनिधि दल पहुंचा अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं कॉन्फ्रेंस में

चौथे अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं कान्फ्रेंस 2022 का आज दिनांक 2 नवंबर 2022 को मुंबई के मुंबई एग्जिबिशन सेंटर मैदान में तीन दिवसीय सम्मेलन प्रारंभ हुआ जिसका उद्घाटन माननीय श्री अजय भाटी रक्षा राज्यमंत्री ने किया इस दौरान, श्री उदय सामंत उद्योग मंत्री महाराष्ट्र सरकार, श्री गोविंद अमरनाथ निवेश एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री महाराष्ट्र सरकार श्री संजय जिंदल अध्यक्ष जिंदल ग्रुप एवं डॉ समीर वी कामत अध्यक्ष डीआरडीओ भी मौजूद थे ।

इस प्रदर्शनी को जिंदल ग्रुप, टाटा ग्रुप, महिंद्रा एंड महिंद्रा कोटेक, भारत फोज, पूना गैस के माध्यम से संपन्न किया गया है। इस प्रदर्शनी को रेल मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सड़क एवं परिवहन मंत्रालय, खनन मंत्रालय आदि का सहयोग प्राप्त है ।

इस प्रदर्शनी के माध्यम से आरेडिका के अधिकारियों और कर्मचारियों के एक समूह द्वारा कोच के विभिन्न सामग्रियों एवं पुर्जो का प्रदर्शन किया। यह टीम महाप्रबंधक श्री एस.एस. कलसी एवं पीसीएमएम श्री एन.डी. राव के दिशानिर्देशन में श्री संजय निगम, वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक मुख्यालय, श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव जनसंपर्क अधिकारी, श्री अभिनव यादव, यांत्रिक इंजीनियर को भेजा गया जिसमें आरेडिका के अधिकारियों ने वेन्डर्स को आरेडिका से संबंधित जानकारी दी ।

इस दौरान आरेडिका के भण्डार विभाग, एवं अभिकल्प विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।

02/11/2022
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी